# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांकःएफ.1(    )संस्था / मदसविवि / 2025 /                                        दिनांक

## कार्यालय आदेश

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय परिसर की भौतिक संरचना, भवनों, स्वच्छता एवं सौन्दर्यीकरण को और अधिक अनुशासित एवं आकर्षक बनाए जाने की आवश्यकता है। इस दिशा में किसी अनुभवी, वरिष्ठ एवं योग्य व्यक्ति के मार्गदर्शन एवं अनुश्रवण की आवश्यकता अनुभव की गई है। प्रो0 प्रवीण माथुर–पूर्व विभागाध्यक्ष एवं डीन छात्र कल्याण ने अपने दीर्घ कार्यकाल में विश्वविद्यालय को महत्वपूर्ण शैक्षिक एवं प्रशासनिक योगदान प्रदान किया है। उनका अनुभव, दक्षता और निष्ठा विश्वविद्यालय के लिए एक मूल्यवान संपदा है।

माननीय कुलगुरू महोदय के निर्देशानुसार प्रो0 प्रवीण माथुर–पूर्व विभागाध्यक्ष एवं डीन छात्र कल्याण को विश्वविद्यालय परिसर की समग्र देखरेख (ओवरऑल मॉनीटरिंग), भवनों के रख–रखाव तथा सौन्दर्यीकरण सम्बन्धी मार्गदर्शन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासनिक स्तर पर माननीय कुलगुरू का विशिष्ट परामर्शदाता (Special Advisior to Hon'ble V.C.) का दायित्व सौंपे जाने के आदेश प्रसारित किए जाते हैं।

प्रो0 प्रवीण माथुर–पूर्व विभागाध्यक्ष एवं डीन छात्र कल्याण के दायित्व निम्नवत् होंगेः–

1. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों का निरीक्षण।
2. मरम्मत, अनुरक्षण तथा सौन्दर्यीकरण हेतु सुझाव देना।
3. परिसर की स्वच्छता एवं हरित परिदृश्य को सुदृढ़ करने हेतु मार्गदर्शन देना।
4. समय–समय पर प्रशासन को प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।

उक्त समस्त कार्य के लिए प्रो0 प्रवीण माथुर के अनुरोध पर किसी प्रकार का कोई मानदेय नहीं दिया जाएगा।

कुलसचिव

क्रमांकःएफ.1( )संस्था / मदसविवि / 2025 / 24381-441                    दिनांक :– 20-8-25

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. समस्त विभागाध्यक्ष / प्रभारी–शैक्षणिक विभाग, मदसविवि, अजमेर।
2. प्रो0 प्रवीण माथुर, सेवानिवृत आचार्य, निवासी–5–6, अम्बा पार्क कॉलोनी, मदसविवि के पास, अजमेर।
3. निदेशक शोध / डीन–छात्र कल्याण / वेब एडमिनिस्ट्रेटर, मदसविवि, अजमेर।
4. मुख्य कुलानुशासक / सचिव–स्पोर्ट्स बोर्ड, मदसविवि, अजमेर।
5. वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
6. समस्त उपकुलसचिव / वरिष्ठ लेखाधिकारी / एसीपी, मदसविवि, अजमेर।
7. समस्त सहायक कुलसचिव / सहायक लेखाधिकारी, मदसविवि, अजमेर।
8. विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, मदसविवि, अजमेर।
9. कुलगुरू सचिवालय, मदसविवि, अजमेर।
10. निजी सहायक–कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर।
11. प्रबन्धक अतिथि गृह / समस्त अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी / प्रभारी स्वास्थ्य केन्द्र, मदसविवि, अजमेर।
12. रक्षित पत्रावली संस्थापन अनुभाग, मदसविवि, अजमेर।

सहायक कुलसचिव (संस्थापन)